आकाशवाणी श्री विजयपुरम

दिनांक : 20.10.2025 समय : 0705

<><><><><><><>

- राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु, उपराष्ट्रपति सी.पी. राधाकृष्णन और प्रधानमंत्री ने दिवाली के अवसर पर सभी देशवासियों को शुभकामनाएँ दी हैं।
- द्वीपों के उपराज्यपाल एडमिरल डी के जोशी ने दीपावली के शुभ अवसर पर, सभी द्वीपवासियों को शुभकामनाएँ देते हुए कहा कि यह त्योहार अंधकार पर प्रकाश की शाश्वत विजय का प्रतीक है।
- पूरे विश्व के साथ द्वीप समूह में भी स्वास्थ्य सेवा निदेशालय द्वारा कल विश्व आयोडीन अल्पता दिवस मनाया जाएगा।
- पर्यटन विभाग द्वारा ओपन स्पेस फाउंडेशन के सहयोग से आयोजित खगोल पर्यटन गाइड प्रशिक्षण कार्यशाला के दूसरे दिन डार्क स्काई संरक्षण और प्रकाश प्रदूषण जागरूकता पर प्रशिक्षण दिया गया।

<><><><><><><>

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु और उपराष्ट्रपति सी.पी. राधाकृष्णन ने दिवाली के अवसर पर देशवासियों को शुभकामनाएँ दी हैं। अपने संदेश में, राष्ट्रपति मुर्मु ने कहा कि यह त्योहार अंधकार पर प्रकाश, अज्ञान पर ज्ञान और बुराई पर अच्छाई की विजय का प्रतीक है। उन्होंने सभी से सुरक्षित, ज़िम्मेदारीपूर्वक और पर्यावरण के अनुकूल तरीके से दिवाली मनाने का आग्रह किया है। अपने संदेश में उपराष्ट्रपति सी.पी. राधाकृ ष्णन ने कहा कि दिवाली बुराई पर अच्छाई और अज्ञान पर ज्ञान की विजय का उत्सव है। उन्होंने देवी लक्ष्मी से प्रार्थना की कि वे सभी पर शांति, समृद्धि और अच्छे स्वास्थ्य का आशीर्वाद बरसाएँ।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने दीपावली के अवसर पर पूरे देशवासियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यह पर्व बुराई पर अच्छाई की जीत का प्रतीक है। उन्होंने इस दीपावली पर समाज में, अपने आसपास, सद्‌भाव, सहयोग और सकारात्मकता के दीप जलाने का आह्वान किया।

<><><><><><><>

द्वीपों के उपराज्यपाल एडमिरल डी के जोशी ने दीपावली के शुभ अवसर पर, सभी द्वीपवासियों को शुभकामनाएँ दी। अपने दीपावली, प्रकाश का त्योहार, असत्य पर सत्य, पाप पर पुण्य और अंधकार पर प्रकाश की शाश्वत विजय का प्रतीक है। इस पावन पर्व की चमक हमें धर्म की रक्षा करने और सभी द्वीपवासियों के बीच एकता, सद्‌भाव और भाईचारे की भावना को मजबूत करने के लिए प्रेरित करता है। अपनी शुभकामना

संदेश में उन्होंने कहा कि यह दीपावली प्रत्येक द्वीपवासी के लिए खुशियाँ, अच्छा स्वास्थ्य और सफलता लेकर आए।

<><><><><><><>

उत्तर प्रदेश ने नौवें दीपोत्सव पर राम की पैड़ी समेत अयोध्या के छप्पन घाटों पर छब्बीस लाख सत्रह हज़ार दो सौ पन्द्रह दीये जलाकर गिनीज़ वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाया। इस वर्ष एक और विश्व रिकॉर्ड बनाया। जिसमें दो हजार एक सौ अटठाईस वेदाचार्यों ने सरयू नदी के तट पर महाआरती की और श्लोकों का पाठ किया।

<><><><><><><>

स्वास्थ्य सेवा निदेशालय द्वारा केंद्र शासित प्रदेश स्वास्थ्य मिशन के सहयोग से कल अक्टूबर को विश्व आयोडीन अल्पता दिवस,पूरे विश्व के साथ द्वीप समूह में भी मनाया जाएगा। यह दिन राष्ट्रीय और वैश्विक पहलों के माध्यम से आयोडीन अल्पता विकारों की रोकथाम में हुई प्रगति की याद दिलाता है। इसका उद्देश्य अच्छे स्वास्थ्य को बनाए रखने में आयोडीन की आवश्यक भूमिका के बारे में जागरूकता बढ़ाना और आयोडीन अल्पता के परिणामों पर जोर देना है। द्वीप समूह के सभी स्वास्थ्य संस्थानों में आयोडीन अल्पता विकारों के बारे में विभिन्न जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। द्वीपों में आईडीडी के लिए कई गतिविधियों की योजना बनाई गई है, जिनमें मुख्य रूप से आईईसी गतिविधियों पर ध्यान केंद्रित किया जाएगा। आशा कार्यकर्ताओं और एएनएम द्वारा नमक परीक्षण किट के माध्यम से नमक का स्थान परीक्षण और घरों, दुकानों और आंगनवाड़ी केंद्रों से नियमित रूप से नमक एकत्र किया जाएगा। स्कूली बच्चों के लिए विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगी। इसके अलावा, आउटरीच शिविरों के माध्यम से सामुदायिक जागरूकता अभियान भी चलाए जाएंगे।

<><><><><><><>

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा घोषित और पिछले महीने की 22 तारीख को शुरू किए गए वस्तु और सेवा कर–जीएसटी बचत उत्सव का लाभ समाज के सभी वर्गों को पहुंच रहा है। आज इस श्रृंखला में प्रस्तुत है द्वीपसमूह के ऑटोमोबाइल क्षेत्र को मज़बूत बनाने में जीएसटी सुधारों के प्रभावों पर एक रिपोर्ट–

<><><><><><><>

पर्यटन विभाग द्वारा ओपन स्पेस फाउंडेशन के सहयोग से आयोजित खगोल पर्यटन गाइड प्रशिक्षण कार्यशाला के दूसरे दिन खगोल विज्ञान शिक्षक और इसरो अंतरिक्ष प्रशिक्षकों ने कार्याशाला में डार्क स्काई

संरक्षण और प्रकाश प्रदूषण जागरूकता पर प्रशिक्षण दिया। इस कार्यशाला में प्रतिभागियों ने प्राचीन आकाश और स्थायी खगोल पर्यटन प्रथाओं के संरक्षण के पीछे के विज्ञान और नीतियों का अध्ययन किया। इसके बाद सौर अवलोकन गतिविधियाँ आयोजित की गईं, जिनमें दिन के समय खगोल विज्ञान की अवधारणा और पर्यटन अनुभवों को समृद्ध बनाने की इसकी क्षमता का परिचय दिया गया। प्रतिभागियों ने दूरबीन संचालन और संरेखण में भी आत्मविश्वास हासिल किया, आकाशीय और सौर पिंडों पर स्वतंत्र रूप से ध्यान केंद्रित करना सीखा, और रात्रि आकाश अवलोकन सत्रों की योजना बनाने के लिए स्टेलारियम सॉफ्टवेयर का उपयोग करने में अपने कौशल को और मजबूत किया। सत्र में खगोल–पर्यटन के अवसरों और अनुभव डिज़ाइन पर एक विस्तृत जानकारी देते हुए प्रतिभागियों को साइट प्रबंधन, यात्रा कार्यक्रम नियोजन और ब्रांडिंग सामग्री, पोस्टर और सोशल मीडिया सामग्री विकसित करने के लिए एआई उपकरणों के एकीकरण की चरण–दर–चरण प्रक्रिया के माध्यम से मार्गदर्शन किया ताकि खगोल–पर्यटन की पहुँच को बढ़ाया जा सके।

<><><><><><><>

महीने भर चलने वाले 'मानसून पुस्तक वाचन महोत्सव 2.0' के अंतर्गत, राज्य पुस्तकालय श्री विजयपुरम अक्टूबर महीने के सभी रविवार को विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन कर रहा है। कक्षा छठीं से आठवीं के लिए अंग्रेजी में दैनिक वार्तालाप अभ्यास और पुस्तक रिले जैसी मनोरंजक गतिविधियों जैसी विभिन्न प्रतियोगिताएँ आयोजित की गईं। इस कार्यक्रम का उद्देश्य पढ़ने की आदतों को बढ़ावा देना, साहित्य के प्रति प्रेम को बढ़ावा देना और पुस्तक प्रेमियों को एक साथ एक मंच प्रदान करना था। इसी प्रकार, राज्य पुस्तकालय द्वारा 'सेवा पखवाड़ा' कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया, जिसमें कक्षा पहली से पांचवी के लिए चित्रकला प्रतियोगिता, कक्षा छठीं से बारहवीं के लिए भाषण और निबंध प्रतियोगिता जैसी विभिन्न प्रतियोगिताएँ आयोजित की गईं। विजेता छात्रों को प्रशंसा और प्रेरणा के प्रतीक के रूप में पुरस्कार वितरित किए गए। इसके अलावा, 'सेवा पखवाड़ा' के विजेताओं को 26 अक्टूबर को आयोजित होने वाले समापन समारोह के दौरान सम्मानित किया जाएगा।

<><><><><><><>